# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email–registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांकः 457 /एके0/एम0एस0यू0/2025–26 दिनांकः 26/09/2025

सेवा में,

**01. प्राचार्य/प्राचार्या,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित**
**जनपद–सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली।**

**02. शैक्षणिक समन्वयक, विश्वविद्यालय परिसर**
**माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,**
**सहारनपुर।**

**विषय– चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि जिला विद्यालय निरीक्षक, सहारनपुर के कार्यालय ज्ञाप पत्रांकः/प्रबन्ध/विविध/8433–46/2025–26 दिनांकः 24.09.2025 (प्रति संलग्न) के द्वारा दिनांक 17 सितम्बर, 2025 से 02 अक्टूबर, 2025 तक **"सेवा पखवाड़ा–2025"** मनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये है, जिसके अन्तर्गत समस्त जनपदों में उत्साह एवं व्यापक जन सहभागिता के साथ चित्रकला प्रतियोगितायें आयोजित की जानी है। जिसके अनुक्रम में सहारनपुर जनपद में चित्रकला प्रतियोगितायें तीन वर्गो क्रमशः जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12 तक) एवं सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग में आयोजित की जायेगी।

उक्त के सम्बंध में समस्त महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि वें अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उक्त प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करें तथा प्रतियोगिता संबंधी सूचना अपने महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड, ईमेल एवं व्हाट्सएप ग्रुप्स पर तत्काल प्रसारित करें।

**संलग्नकः**–यथोपरि।

26-9-25

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः– अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक हेतु प्रेषित।**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. वित्त अधिकारी
04. जिला विद्यालय निरीक्षक, सहारनपुर।
05. अभिलेख खण्ड़।

उपकुलसचिव

# कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहारनपुर।

पत्रांकः/प्रबन्ध/विविध/ 6433–46 /2025–26 दिनांक : 24/9/25

## कार्यालय ज्ञाप

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्या–301/2025/2716/ चार–2025–1969138 दिनॉक 12.08.2025 के द्वारा दिनॉक 17 सितम्बर, 2025 से 02 अक्टूबर, 2025 तक "सेवा पखवाड़ा–2025" मनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये हैं। जिसके अन्तर्गत समस्त जनपदों में उत्साह एवं व्यापक जन सहभागिता के साथ चित्रकला प्रतियोगितायें आयोजित की जायेगी। जनपद स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिताये तीन वर्गो– क्रमशः जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) एवं सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग में आयोजित की जायेगी।

आयोजित की जाने वाली चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों द्वारा मिशन शक्ति, विकसित भारत, अत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल भारत की संकल्पना को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किये जाने सम्बन्धी पेंटिग तैयार करनी होगी। प्रतियोगिताओं में सृजित पेंटिग्स में से प्रत्येक वर्ग की उत्कृष्ट तीन पेंटिग्स (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार) का चयन किया जायेगा। उत्कृष्ट तीन पेंटिग्स (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार) के विजेताओं को 02 अक्टूबर, 2025 को जनपद स्तर पर आयोजित गांधी जयन्ती कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रूपया 51000/, एवं रूपया 21000/– एवं रूपया 11000/– की पुरस्कार की राशि के साथ–साथ फ्रेम किये गये प्रमाण–पत्र भी प्रदान किये जायेगें। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित कलाकृतियां राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश लखनऊ को मूल रूप में दिनांक 15 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध करायी जायेगी। राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश प्रत्येक जनपद से प्रथम स्थान प्राप्त पेन्टिंग्स में से प्रत्येक वर्ग के लिए राज्य स्तर पर उत्कृष्ट तीन पेन्टिंग्स का चयन करेगी। जनपद स्तर प्रथम पुरस्कार प्राप्त समस्त पेन्टिंग्स की प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर लगायी जायेगी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय उत्कृष्ट पेन्टिंग्स के पुरस्कारों का वितरण भी किया जायेगा। राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार रूपया–200000/– द्वितीय पुरस्कार रूपया–151000/– एवं तृतीय पुरस्कार रूपया 100000/– की धनराशि का होगा। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर की अध्यक्षता में दिनांक 23.09.2025 को विद्यालय प्रधानाचार्यो की बैठक आहूत करते हुए निम्नवत् निर्णय लिये गये।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को 20X30 इंच की ड्राइंग शीट पर पर पेटिंग तैयार करनी होगी तथा पेंटिग हेतु 20X30 इंच की ड्राइंग शीट प्रतियोगिता स्थल पर ही उपलब्ध करायी जायेगी परन्तु कलर, ब्रश आदि सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता निम्नवत् आयोजित करायी जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता वर्ग | दिनॉक, समय एवं आयोजन स्थल | प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मण्डल/चयन समिति |
|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) | 27.09.2025 प्रातः 12.00 बजे से 3.00 बजे तक, रेनबो स्कूल, दिल्ली रोड़, सहारनपुर। | 1–श्रीमती अनु, प्रवक्ता,रा0क0इ0का0 अम्बेहटापीर, स0पुर।<br>2–डॉ0छवि जैन, प्रवक्ता,जे0बी0एस0हि0क0इ0का0 स0पुर।<br>3–श्री मनीष जायसवाल, प्रवक्ता, एस0डी0इ0का0,स0पुर। |
| 2 | सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) | 27.09.2025 प्रातः 12.00 बजे से 3.00 बजे तक, रेनबो स्कूल, दिल्ली रोड़, सहारनपुर। | 1–श्री महेश, प्रोफेसर, जे0वी0जैन डिग्री कालेज, स0पुर।<br>2–सुश्री अंतिम चौधरी, अस्टिटेंट प्रोफेसर, मुन्ना लाल गर्ल्स डिग्री कालेज, स0पुर।<br>3–श्री राम शब्द, सेवानिवृत्त प्रोफेसर। |
| 3 | सामान्य वर्ग | 27.09.2025 प्रातः 12.00 बजे से 3.00 बजे तक, रेनबो स्कूल, दिल्ली रोड़, सहारनपुर। | 1–श्री महेश, प्रोफेसर, जे0वी0जैन डिग्री कालेज, स0पुर।<br>2–सुश्री अंतिम चौधरी, अस्टिटेंट प्रोफेसर, मुन्ना लाल गर्ल्स डिग्री कालेज, स0पुर।<br>3–श्री राम शब्द, सेवानिवृत्त प्रोफेसर। |

उक्त के अतिरिक्त दिनॉक 29.09.2025 को जूनियर वर्ग (कक्षा–9 से 12) के छात्रों की भाषण प्रतियोगिता निम्नवत् आयोजित करायी जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता वर्ग | दिनॉक, समय एवं आयोजन स्थल | प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मण्डल/चयन समिति |
|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) | 29.09.2025 प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक, पाइनवुड़ स्कूल, दिल्ली रोड़, सहारनपुर। | 1–श्रीमती स्मिता, प्रवक्ता, रा0इ0का0 सहारनपुर।<br>2–श्रीमती सुमन यादव, प्रवक्ता, रा0क0इ0का0 देवला।<br>3–श्री मनोज कुमार काकरान, प्रवक्ता, एस0ए0एम0 इण्टर कालेज, सहारनपुर। |

अतः उपरोक्त चयन समिति से अनुरोध है कि उक्त प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु निर्धारित तिथियों में निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर उत्कृष्ट तीन छात्रों (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) का चयन करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–उक्तवत्।

(डॉ0 अरविन्द कुमार पाठक)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
सहारनपुर।

पृ0सं0: प्रबन्ध/विविध/ 8433–46 /2025–26 तद् दिनॉक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर।
3. नगर आयुक्त, सहारनपुर/जिला पंचायत राज अधिकारी, सहारनपुर/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारिनपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि दिनांक 27.09.2025 को आयोजित होने वाली सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में जनसामान्य कलाकारों, कला विद्यार्थियों एवं कला प्रेमियों की अधिकतम भागीदारी कराने का कष्ट करें।
4. कुल सचिव, शाकम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
5. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।
6. प्राचार्य, जे0वी0जैन डिग्री कालेज/मुन्ना लाल गर्ल्स डिग्री कालेज, सहारनपुर।
7. श्री अतुल शर्मा, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, देवबन्द, सहारनपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) की प्रतियोगिता में जनपद के समस्त महाविद्यालयों से चयनित छात्र–छात्राओं को निर्धारित तिथि को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।
8. प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कालेज, सहारनपुर/रा0क0इ0का0 अम्बेहटापीर/देवला, स0पुर।
9. प्रधानाचार्य, एस0डी0इण्टर कालेज, सहारनपुर/जे0बी0एस0हिन्दू क0इ0का0 सहारनपुर/एस0ए0एम0 इण्टर कालेज, सहारनपुर।
10. प्रधानाचार्य, रेनबो स्कूल, दिल्ली रोड़, सहानपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराये जाने हेतु दिनॉक 27.09.2025 को अपने विद्यालय में आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।
11. प्रधानाचार्य, पाइनवुड़ स्कूल, दिल्ली रोड़, सहानपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराये जाने हेतु दिनॉक 29.09.2025 को अपने विद्यालय में आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।
12. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, राजकीय इण्टर कालेज/राजकीय हाईस्कूल/आशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय/सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 से मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त तिथियों में अपने–अपने विद्यालयों से चयनित छात्र–छात्राओं की 20X30 इंच की ड्राइंग शीट पर तैयार की गयी 02 पेंटिग के साथ उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
13. श्री सुधीर जोशी, प्रधानाचार्य, सहारनपुर पब्लिक स्कूल, सहारनपुर/श्री सुरेन्द्र चौहान, संयोजक, प्रोग्रेसिव स्कूल सोसायटी, सहारनपुर/श्री राज किशोर, प्रबन्धक, दून वैली पब्लिक स्कूल, देवबन्द, सहारनपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 विद्यालय प्रधानाचार्यो से सम्पर्क करते हुए जूनियर वर्ग (कक्षा–09 से 12) की प्रतियोगिता में अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं को निर्धारित तिथि को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।
14. सम्बन्धित प्रोफेसर एवं प्रवक्तागण।

जिला विद्यालय निरीक्षक